## खबर संक्षेप

### नवगठित जिला मैहर में पहली बार हुई दिशा समिति की बैठक

**मैहर।** सांसद सतना गणेश सिंह ने पहल करते हुए अपने लोकसभा क्षेत्र में शामिल दोनों जिले सतना और मैहर में पृथक-पृथक दिशा समिति का गठन कर उन्हीं जिलों में बैठक करने का निर्णय लिया है। प्रदेश के अन्य नवगठित जिलों में अभी तक ऐसी व्यवस्था नहीं की गई है। सांसद गणेश सिंह ने कल सतना जिले की दिशा समिति की बैठक सतना कलेक्ट्रेट में करने के बाद आज शनिवार को मैहर जिले की जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक ले रहे हैं। इस दौरान मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

### इचौल और सोनवारी के टोल बैरियर हटाए

**मैहर।** जिले की दिशा समिति की बैठक में सांसद गणेश सिंह ने एमपीआरडीसी के अधिकारियो से पूंछा कि यह क्यों चल रहे हैं। इस पर अधिकारियों ने अनभिज्ञता जताई। सांसद ने अवैध रूप से चल रहे दोनों ही बैरियर हटाए जाने के निर्देश दिए।

### मैहर मंदिर समिति का टेंडर विवादों के घेरे में

**मैहर।** मां शारदा देवी मंदिर समिति द्वारा यात्री निवास क्रमांक एक की टेंडर प्रक्रिया आहूत की गई थी प्रक्रिया में निविदाकारों ने बंद निविदाएं प्रस्तुत किया जिसमें दस्तावेजी अभाव होने तथा प्रक्रिया का पूर्ण पालन न किए जाने से आपत्ति भी दर्ज कराई गई थी। टेंडर प्रक्रिया में 61 लाख रुपए की निविदा को नकारते हुए 55 लाख रुपए के टेंडर को स्वीकृत देने का मामला संज्ञान लाया जा रहा है। अन्य निविदाकारों का आरोप है कि प्रभावी व्यक्तियों के दबाव में गैर विधिक प्रक्रिया से टेंडर स्वीकृत किए जाने का खेल चल रहा है। निविदाकारों का मानना है कि प्रक्रिया से समिति को भरी नुकसान भुगतना पड़ सकता है इसलिए पारदर्शी तथा विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए टेंडर प्रक्रिया का पुनः विचारण करना समिति तथा न्याय हित में है।

### जिला विकास समन्वय, निगरानी समिति की बैठक

**मैहर।** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की प्रथम बैठक शनिवार को सांसद सतना गणेश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मैहर में आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई तथा जिले में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई।बैठक में विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी,जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिह,जिला पंचायत वन समिति के सभापति हरीशकांत त्रिपाठी,संतोष सोनी,जिला पंचायत सदस्य देवदत्त सोनी,कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड,वन मंडल अधिकारी विद्या भूषण मिश्रा सहित संबंधित विभागों के प्रमुख अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ श्री राम कथा का शुभारंभ

**मैहर।** सरलानगर क्षेत्र में प्रभु श्री राम की कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। इस धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत एक विशाल और भव्य कलश यात्रा के साथ की गई,जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्तियों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यह कलश यात्रा हनुमान मंदिर से शुरू होकर बैंक कॉलोनी होते हुए शिव कॉलोनी से गुजरते हुए कथा स्थल दर्रहा मंदिर पहुंची,सुबह गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा में भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सिर पर मंगल कलश धारण किए सैकड़ों महिलाएं कतारबद्ध होकर चल रही थीं। यात्रा के दौरान डीजे और बैंड की धुन पर श्रद्धालु थिरकते नजर आए और पूरा वातावरण 'जय श्रीराम' के जयकारों से गूंज उठा। जगह-जगह कलश यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। विधि-विधान के साथ कलश स्थापना की गई। इसके पश्चात व्यास पीठ का पूजन किया गया और संगीतमय श्री राम कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

# 28.80 लाख की नशीली कफ सिरप जब्त, महिला सहित 3 तस्कर गिरफ्तार



**सतना।** रीवा जोन में नशामुक्ति के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार 0.2' के तहत सतना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने उचेहरा थाना क्षेत्र के ग्राम मड़फई में दबिश देकर 120 पेटी प्रतिबंधित कोडीन युक्त नशीली कफ सिरप बरामद की है। जब्त किए गए माल की कुल कीमत करीब 28,80,000 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मौके से एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### मुखबिर की सूचना पर दी गई दबिश

पुलिस को पुख्ता जानकारी मिली थी कि ग्राम मड़फई में चौरसिया बाई साकेत के घर पर



नशीली कफ सिरप की एक बड़ी खेप बिक्री के लिए रखी गई है। सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देशन और एसडीओपी नागौद रघु केसरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उचेहरा सतीश मिश्रा ने टीम के साथ छापेमारी की।

### घर के अंदर मिला नशे का जखीरा

तलाशी के दौरान घर के एक कमरे में खाकी रंग के 120 कार्टून बरामद हुए। प्रत्येक कार्टून में 120 शीशियां थीं। कुल 14,400 शीशियां (प्रत्येक 100 मिली) जब्त की गईं,जिनकी बाजार दर 200 रुपये प्रति शीशी है। पुलिस ने आरोपियों से दस्तावेज मांगे,लेकिन कोई भी वैध कागज पेश नहीं किया जा सका। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### आरोपियों के नाम

मनीष यादव 31 वर्ष,निवासी भुरुहुरा,शैलेंद्र उर्फ टिंकू गुप्ता 35 वर्ष,निवासी भुरुहुराचौरसिया बाई साकेत 65 वर्ष, निवासी मड़फई बताए गए हैं। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 120 पेटी नशीली कफ सिरप (कीमत 28.80 लाख रुपये) 02 मोबाइल फोन (कीमत 40,000 रुपये) 2,000 रुपये नकद कुल 29,22,000 रुपये का सामान जप्त किया है। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि नशे के अवैध कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल पुलिस मुख्य सप्लायर और पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है ताकि इस अवैध कारोबार की जड़ तक पहुंचा जा सके।

# भाजपा महिला मोर्चा ने फूंका फूल सिंह बरैया का पुतला



**सतना।** कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया द्वारा महिलाओं पर दिए गए आपत्तिजनक बयान के विरोध में शनिवार को सतना के सेमरिया चौक पर भाजपा महिला मोर्चा ने उग्र प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने विधायक का पुतला दहन कर उसे जूतों-चप्पलों से पीटा और कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### कांग्रेस की चुप्पी पर उठाए सवाल

प्रदर्शन में शामिल राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि जब तक बरैया को पार्टी से निष्कासित नहीं किया जाता और वे माफी नहीं मांगते, तब तक कांग्रेस को सामाजिक न्याय की बात करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने राहुल गांधी और जीतू पटवारी से इस मुद्दे पर स्पष्टीकरण मांगा। नेतृत्व की 'मूक सहमति' का आरोप भाजपा जिलाध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय और जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार ने कहा कि सोनिया और प्रियंका गांधी की चुप्पी इस 'घटिया मानसिकता' को मौन समर्थन देती है। डॉ. स्वप्ना वर्मा और मनीषा सिंह ने इसे एससी-एसटी समाज और नारी शक्ति का अपमान बताया। भाजपा ने चेतावनी दी है कि यदि विधायक पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं हुई,तो आंदोलन और भी उग्र रूप लेगा। प्रदर्शन में पूर्व महापौर ममता पांडेय सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# सरपंच-सचिव की मिलीभगत से मुर्दा बिलों में फूंकी गई जान

### ग्राम पंचायत चौपाड़ा में भ्रष्टाचार हुआ उजागर, लाखों का वारा-न्यारा

**मैहर।** मैहरे जनपद पंचायत में वर्तमान समय लूट मची हुई है यह तो सरपंच और सचिव के ऊपर है कि कौन कितनी बड़ी राशि का वारा-न्यारा कर सकता है। जनवरी 2026 लगते ही कई ग्राम पंचायतों में अनाप शनाप बिल पास होकर राशि निकाली जा रही है इसमें अधिकारी से लेकर कर्मचारी का पूरा सहयोग रहता है। इस समय एम मामला ग्राम पंचायत चौपड़ा का बताया जा रहा है कि जिसमें विकास के दावों की पोल खोलती और सरकारी खजाने में सेंध लगाई गई है। ग्राम पंचायत चौपड़ा में सरपंच और सचिव की मिलीभगत से पुराने बिलों का पुनः भुगतान कर शासकीय राशि का दुरुपयोग कर जनता की गाढ़ी कमाई डकारी जा रही है।

### बिल का हुआ 'दोबारा' भुगतान

भ्रष्टाचार की हद तो तब पार हो गई जब एक पुराने पहले से भुगतान किए जा चुके बिल को दोबारा ट्रेजरी में लगाकर सरकारी खजाने को चूना लगा दिया गया। सूत्रों के अनुसार,सरपंच और सचिव ने बड़ी चालाकी से पुराने रिकॉर्ड को नया बताकर राशि आहरित कर ली।''यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि एक सोची-समझी साजिश और डकैती है। जिस काम का पैसा 2022 में निकल चुका, उसका पैसा दोबारा किसकी जेब में गया?''

### सफाई के नाम पर केवल कागजों' में चमक

मामला सिर्फ पुराने बिलों तक सीमित नहीं है। पंचायत में सफाई अभियान के नाम पर लाखों रुपये का गबन किया जा रहा है जिसमें कागजों पर सफाई दिखाकर 0 फाइलों में गांव चकाचक बताकर लाखों का बजट खर्च हो चुका है जब कि हकीकत में नालियां बजबजा रही हैं और गंदगी का अंबार लगा है लेकिन मजदूरी और मशीनों के फर्जी बिल लगाकर सफाई के नाम पर आया पूरा फंड सरपंच-सचिव की जेब में चला गया है।जनता के पैसों पर डाका डाला जा रहा है वहीं जिम्मेदार मौन क्यों जनता सवाल कर रही है? ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में अंधेरगर्दी मची हुई है। विकास कार्य ठप हैं,लेकिन भुगतान धड़ल्ले से हो रहे हैं। 22.02.2022 के बिल का पुनः भुगतान इस बात का जीता-जागता सबूत है कि यहां निडर होकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि मैहर जिला कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ से मांग है कि बिल भुगतान की उच्च स्तरीय जांच हो। सफाई के नाम पर निकाले गए लाखों रुपयों का भौतिक सत्यापन कर दोषी सरपंच और सचिव पर तत्काल प्रभाव से एफआईआर दर्ज कर उन्हें पद से हटाने की कार्यवाही की जानी चाहिए।

# इंदौर की घटना को लेकर कांग्रेस ने रखा एक दिन का उपवास एवं सत्याग्रह




### सीवर लाइन में हो घटिया कार्य से इंदौर की तरह भविष्य में मैहर में भी हो सकती है घटना

**मैहर।** इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पेयजल से हुई मौतों और जल की खराब गुणवत्ता के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मैहर जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय उपवास एवं सत्याग्रह का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।वक्ताओं ने कहा कि दूषित पानी के कारण लोगों की जान जाना अत्यंत गंभीर विषय है और सरकार को इस पर तत्काल ठोस कदम उठाने चाहिए। इस अवसर पर कांग्रेस वक्ताओं को देश में बढ़ रही मंहगाई एवं भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा पर हमला बोलते कहा गया कि जब से देश में भाजपा की सरकार आई तब से मंहगाई बढ़ कर चरम सीमा पर पहुंच चुकी है मगर भाजपा सरकार आंख मूंदे बैठी रही जिसका उदाहरण गत दिनों इंदौर में भागीरथ पुरा में दूषित पानी पीने से दर्जनों नागरिकों की मौत भी चुकी है और कई लोग अभी भी मौत से जूझ रहे मगर प्रदेश के मुख्यमंत्री मात्र 2 लाख की राशि देकर अपना पल्ला झाड़ लिया है।आज इंदौर को सबसे स्मार्ट सिटी का दर्जा दिया गया किंतु जब स्मार्ट सिटी की जनता को नाले में बह रहे सीवर लाइन के पानी पीना तब इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या होगा। इस तरह की लापरवाही को लेकर अक्रोषित जनता विजयवर्गीय के इस्तीफे की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन भी किया गया मगर भाजपा सरकार कुछ नहीं कर रही है। इसी का उदाहरण मैहर में देखने को मिल रहा है जहां पर सड़कों को खोदकर सीवर लाइन एवं पानी के पाइप डाले गए है जिसका कार्य इतना घटिया कि आज सड़क पर चलना मुशिकल हो गया है और इस तरह के घटिया कार्य से इंदौर की घटना की तरह भविष्य में मैहर में भी होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही पेयजल की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ और पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कांगेसजनों ने प्रदेश की सरकार को हटाने के लिए जनता से अपील की गई। अंत में इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मैहर ब्लॉक अध्यक्ष मुन्ना रमेश प्रजापति,रमापति गौतम,नागेंद्र नाथ लाल बड़गैया, चूड़ामणि बाढ़ोलिया,ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र कुशवाहा,राम अवतार चौरसिया,केशव चौरसिया,राजेंद्र सिह बबलू,कुलदीप पाठक,योगेंद्र प्रताप सिह,यशवंत सिह चंदेल,महेंद्र त्रिपाठी,नित्यानंद तिवारी, समर्पण शुक्ला,गणेश चतुर्वेदी,संतोष शुक्ला,रामराज सिंह,अखंड सिंह,सुग्रीव कॉल,डॉ.लक्ष्मण प्रसाद पुरी,अक्षय कुमार दहिया,शारदा पटेल,सौरभ गुप्ता,देवेंद्र अग्रवाल,कटु बांधकर,हरवंश तिवारी,जमाल खान सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# जर्जर आंगनबाड़ी भवन में शौचालय निर्माण से बच्चों की जान को खतरा, ग्रामीणों ने सीईओ से की शिकायत



**सतना।** जनपद पंचायत मझगवां के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खांच में प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहाँ लगभग 20 वर्ष पुराने और अत्यंत जर्जर हो चुके आंगनवाड़ी भवन में जबरन शौचालय निर्माण कराया जा रहा है,जिससे मासूम बच्चों की जान पर खतरा मंडराने लगा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने इस संबंध में मुख्य कार्यपालक अधिकारी जनपद पंचायत मझगवां को शिकायती पत्र सौंपकर निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने और मामले की जांच की मांग की है।

### जर्जर भवन के अंदर खोदा जा रहा है टैंक

ग्रामीणों का आरोप है कि आंगनवाड़ी की बिल्डिंग इतनी पुरानी और जर्जर है कि वह कभी भी जमींदोज हो सकती है। इसके बावजूद,पंचायत सचिव और सरपंच द्वारा इसी जर्जर ढांचे के भीतर ही गड्ढा खोदकर शौचालय का टैंक बनवाया जा रहा है। विशेषज्ञों और ग्रामीणों का मानना है कि जर्जर नींव के पास खुदाई करने से पूरी बिल्डिंग के गिरने की संभावना और अधिक बढ़ गई है। शिकायत पत्र में ग्रामीणों ने पंचायत सचिव पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब उन्होंने खतरे को देखते हुए काम रोकने का आग्रह किया,तो सचिव ने अभद्रता करते हुए कहा,यह शासन का काम है, इसमें बाधा न बनें। बच्चे मरें या जिएं, हमें उससे कोई लेना-देना नहीं है। जिसे जहाँ जाना है (कलेक्टर या सीईओ के पास), जाए,हमें कोई फर्क नहीं पड़ता।

### ग्रामीणों की मुख्य मांगें

जर्जर भवन में हो रहे शौचालय निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाई जाए। मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों की टीम भेजकर बिल्डिंग की मजबूती की जांच हो। बच्चों की सुरक्षा को ताक पर रखने वाले जिम्मेदार अधिकारियों/ कर्मचारियों पर कार्रवाई हो। भविष्य में होने वाली किसी भी अनहोनी के लिए पंचायत प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया जाए। शिकायतकर्ताओं में मुख्य रूप से सुनील गौतम, राजेश त्रिपाठी, शिवेन्द्र अग्निहोत्री, विनय त्रिपाठी, मनोज त्रिपाठी, सुधीर अग्निहोत्री, अवधेश अग्निहोत्री, संजय सहित समस्त ग्रामवासी शामिल हैं।

# मैहर जिले के गौरव दिवस की चूनर यात्रा एशिया बुक आफ रिकार्ड में दर्ज

### दिशा की पहली बैठक में जनप्रतिनिधियों का सम्मान एवं सहभोज

**मैहर।** मैहर जिले के गौरव दिवस पर मां शारदा देवी को अर्पित करने निकाली गई विशाल चुनरी यात्रा को एशिया बुक आफ द रिकार्डस और इंडिया बुक आफ रिकार्ड में दर्ज किया गया है। दोनों ही संस्थाओं ने जिला प्रशासन मैहर को इस आशय के प्रमाण पत्र और प्रतीक मेडल भी प्रेषित किये हैं। जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद सतना गणेश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मैहर में आयोजित की गई। जिले की पहली बैठक में जिला प्रशासन की मुखिया कलेक्टर रानी बाटड को यह प्रमाण पत्र सौंपे गये। इस अवसर पर मैहर जिले के गौरव दिवस आयोजन में मार्गदर्शन,नेतृत्व और सहयोग प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सांसद सतना गणेश सिंह, विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी,जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने,जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मैहर जिले में दिशा समिति की पहली बैठक के उपरांत गौरव दिवस की इस उपलब्धि पर जिला प्रशासन द्वारा जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के सम्मान में सहभोज का आयोजन भी किया गया।

# बहुचर्चित आदिवासी महिला की पैतृक भूमि हड़पने के प्रकरण में कूटरचना व धोखाधड़ी खुलासे में जहां एक आरोपी को गिरफ्तार तो किया गया पर कई सवाल स्वयं ही खड़े


**खातेदार एवं उसकी पत्नी को झूठे रूप में मृत दर्षाया गया बिना मृत्यु प्रमाण पत्र, बिना वैध सिजरा खानदान एवं वास्तविक वारसों को सूचना दिये बिना नामांत्रण आदेष पारित कराने की बात का उल्लेख जो विगत दिवस पुलिस के प्रेस विज्ञप्ति में जारी किया गया वहीं सवाल यह खड़े होते है आदेष पारित करने वाले क्या जिम्मेदार नहीं। क्या इस कूट रचना एवं धोखाधड़ी में कर्मचारी-अधिकारी की संलिप्तता से इंकार किया जा सकता है। वहीं जो एक आरोपी श्रीकांत दीक्षित उर्फ पप्पू दीक्षित को गिरफतार करने से क्या मामले में पारदर्षिता मानी जाये।**



**पन्ना।** विगत दिवस जहां पुलिस द्वारा आदिवासी महिला की पैत्रिक भूमि को हड़पने के प्रकरण में कूटरचना व धोखाधड़ी के खुलासे में एक आरोपी को गिरफतार करते हुए वहीं फर्जी पुत्र दर्षाकर नामांत्रण कूट रचित दस्तावेजों से आदिवासी व्यक्ति से जमीन हड़पी गई। दो हैक्टेयर भूमि वहीं बैंक खातों के माध्यम से भूमि के विक्रय राषि का लेनदेन को भी कई व्यक्तियों की संलिप्तता का उल्लेख किया गया है। यह प्रेस विज्ञप्ति विगत दिवस पन्ना पुलिस द्वारा जारी की गई जो कई सवालों को जन्म दे रही है। निष्चिततौर पर इस गंभीर प्रकरण का पर्दाफास किया जाना तो बताया जा रहा है पर इस पर्दे के पीछे अभी भी पर्दाफास करने की जरूरत को नकारा नहीं जा सकता है महज एक आरोपी को गिरफतार करके भले ही शासन प्रषासन सुर्खियां बटोरने का कार्य मान रही हो। पर यहां तो अभी भी जिन सवालों को जन्म दिया जा रहा है इसमें साफतौर पर जारी होता है जिसने विक्रय किया उसका नाम भले ही यहां उल्लेख किया गया है। जिसमें फरियादिया ने आरोप लगाया है कि अनुपम त्रिपाठी एवं श्रीकांत दीक्षित निवासी पन्ना द्वारा उनकी जानकारी व सहमति के बिना राजाराम आदिवासी पिता जगोला गौड़ निवासी ग्राम जैतूपुरा थाना अमानगंज को मृत खातेदार का फर्जी पुत्र दर्षाकर कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से नामांत्रण करवा दिया गया। तत्पष्चात उक्त भूमि को छलकपट पूर्वक रजिस्ट्रड विक्रय पत्र के माध्यम से स्वयं नाम दर्ज करा लिया गया। इस संबंध में वर्ष 2022 में कलेक्टर पन्ना में षिकायत किया जाना उल्लेख किया गया है। जिसके तहत थाना कोतवाली पन्ना में अपराध क्रमांक 824/25 धारा 420, 467, 468, 471, 419, 409, 34 ता.हि. के तहत प्रकरण पंजीबद्ध करके विवेचना में लिया गया था। वहीं विवेचना के दौरान तथ्य भी बताये गये। कूटरचित नामांत्रण कार्यवाही में मृत खातेदार एवं उसकी पत्नी को झूठे रूप में मृत दर्षाया गया। बिना मृत्यु प्रमाण पत्र बिना वैध सिजरा खानदान एवं वास्तविक वारिसों को सूचना दिये बिना नामांत्रण आदेष पारित कराया गया। यहां यह सवाल स्वयं ही प्रष्न बन गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के बगैर मृत्यु को वैध किसने माना वहीं नामांत्रण आदेष पटवारी, आरआई एवं तहसीलदार तक कार्यवाही जिन्होंने आगे बढ़ाई उन्होंने क्या देखा। आखिरकार राजस्व विभाग के जिम्मेदार कर्मचारी-अधिकारी जो इस प्रक्रिया में कहीं न कहीं जिनके हस्ताक्षरों से नामांत्रण प्रक्रिया को अंजाम दिया जाता है कौन है। और क्या इसके लिए ये जिम्मेदार नहीं। जो शासन से जिम्मेदारी को लेकर उचित माने जाते है जिनकी पदस्थापनायें होगीं आखिर कर्मचारी अधिकारियों को क्या इसमें खुली झूठ मानी जाये। कई सवाल स्वयं ही अब जबाब मांग रहे है जिस तरह से यह कहानी एक दास्ता बन गई। निष्चितौर पर एक आरोपी को मानकर क्या इसे पूरा माना जाये। फरार आरोपी में अनुपम त्रिपाठी एवं अन्य का उपयोग किया गया है प्रेस विज्ञप्ति में आखिर एक का नाम दिया गया है तो अन्य कौन है। वहीं क्या विवेचना में और भी राज छिपे होने को नकारा नहीं जा सकता तो यह पर्दाफास कैसा। गौरतलब बात यह है कि राजस्व विभाग के मुखिया निष्चितौर पर क्या इसे संज्ञान में लेगें। जो कहीं न कहीं शासन के जिम्मेदारी के रूप में पदस्थापना के बाद प्रतिमाह वेतन लेते है ताकि अन्य किसी के साथ ऐसी घटना की दूसरी बार पुर्नवृत्ति न हो। या फिर यह कहें कि महज मात्र श्रीकांत उर्फ पप्पू दीक्षित पिता स्व. भास्कर दीक्षित की गिरफतारी से सुर्खियां बटोरने में जहां सराहनीय योगदान का उल्लेख किया जाता है यह पर्याप्त माना जाये। अभी भी कहीं न कहीं राजस्व विभाग के जिम्मेदारों को यहां कृपा दर्षाई जा रही है वह क्यों, क्या यहां शासकीय जिम्मेदारों को बक्सा नहीं गया। आखिर कितनों की संलिप्तता इस मामले में रही। क्या इसकी पड़ताल की जायेगी क्या उन्हें भी दोषी माना जायेगा। या फिर जिस तरह से यह मामला सुर्खियां बटोर रहा है मात्र महज इतनी ही कार्यवाही मानकर पूरा माना जाये। निष्चितौर पर कांग्रेसी नेता पप्पू दीक्षित की गिरफतारी को लेकर जहां नगर में चर्चायें तो तरह-तरह से व्याप्त है। वहीं आज भी यहां गिरफतारी के बाद कई तरह के सवाल जरूर इस मामले में प्रष्न बने हुए है। जिनका जवाब राजस्व विभाग के जिम्मेदारों के द्वारा ही दिया जा सकता है वहीं पुलिस की पड़ताल ही क्या राज खोलेगी। जिस तरह से कूटरचित कहानी का उल्लेख किया गया। इसमें कौन-कौन शामिल क्या बिना शासकीय कर्मचारियों व अधिकारियों की पूरी रचना मानी जाये। निष्चितौर पर शासकीय मोहर लगाने वाले चेहरे कौन है,

## खबर संक्षेप

### श्यामगिरि (कल्दा) में योगेश्वर परमहंस स्वामी अड़गड़ानंद महाराज का ऐतिहासिक आगमन



**पन्ना।** जिला मुख्यालय से लगभग 85 किलोमीटर दूर दक्षिण-पश्चिम दिशा में स्थित जिले के एकमात्र हिल स्टेशन श्यामगिरि (कल्दा) में आध्यात्मिक इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ने जा रहा है। विश्व धर्म संसद से विश्वगुरु और विश्व गौरव की उपाधियों से विभूषित, मानव मात्र के धर्मशास्त्र 'यथार्थ गीता' के प्रणेता योगेश्वर परमहंस स्वामी अड़गड़ानंद महाराज आगामी 19 जनवरी से 23 जनवरी तक श्यामगिरि में प्रवास करेंगे। इस दौरान स्वामी अड़गड़ानंद महाराज श्यामगिरि में निर्माणाधीन भव्य परमहंस आश्रम में निवास करेंगे। उनके प्रवास काल में देश-प्रदेश से श्रद्धालु, साधक और मानव धर्म प्रेमी हजारों की संख्या में पहुंचेंगे। महाराज अपने प्रवचनों और सान्निध्य के माध्यम से मानव जीवन को दिशा देने, आत्मबोध और धर्म के यथार्थ स्वरूप से परिचित कराने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। श्यामगिरि जैसे शांत, सुरम्य और आध्यात्मिक वातावरण में महाराज का यह प्रवास क्षेत्र के धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। आयोजकों ने सभी मानव धर्म प्रेमियों से इस दुर्लभ अवसर का लाभ उठाकर दर्शन एवं सत्संग में सहभागिता करने का आग्रह किया है।

### जमीनी विवाद में भाई ने भाई पर किया पथराव, गंभीर रूप से घायल

**पन्ना।** जनपद शाहनगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नुनागर में जमीनी विवाद को लेकर एक भाई ने अपने ही भाई पर पत्थरों से हमला कर दिया। घटना में 41 वर्षीय घसीटा साहू गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में घसीटा साहू थाना शाहनगर पहुँचे, जहाँ उन्होंने घटना की शिकायत दर्ज कराई। इसके पश्चात उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहनगर ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों द्वारा मेडिकल परीक्षण कर उपचार किया गया। घसीटा साहू ने बताया कि उनका भाई सुकराता साहू जमीनी विवाद को लेकर उनसे झगड़ पड़ा और सिर, कंधे व छाती पर तीन बार पत्थर से हमला किया। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल को उसके बच्चों द्वारा अस्पताल पहुँचाया गया जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है।

### सर्व हिंदू समाज द्वारा नगर में निकाली गई विशाल हिंदू कलश यात्रा

**पवई।** नगर में 27 जनवरी को होने वाले विशाल हिंदू सम्मेलन के लिए गायत्री मंदिर में सर्व हिंदू समाज के द्वारा हिंदुओं को एकत्रित करने के उद्देश्य से एक बैठक का आयोजन किया गया, इसके बाद नगर में गाजे बाजे के साथ विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जो गायत्री मंदिर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड गांधी चौक,झंडा बाजार, कन्या शाला, मोहन्द्रा मोड,करही तिराहा, मिलौनीगंज के बाद स्थानीय महाराजा छत्रसाल मैदान में संपन्न हुई,जहां हजारों की संख्या में सर्व हिंदू समाज के लोग एकत्रित हुए। इस शोभायात्रा में अंतर्राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता पुरुषोत्तम पीठाधीश्वर स्वामी श्री प्रमोद बिहारी दास जी महाराज खजुरी ताल बरा आश्रम के साथ जनप्रतिनिधि आम नागरिक वह हजारों की संख्या में हाथों में कलश लिए माताएं एवं बहिनें भी शामिल रही । इस कलश यात्रा में मुख्य आकर्षण का केंद्र राधा कृष्ण की झांकी रही।

**जिला मुख्यालय के नेशनल पब्लिक स्कूल में ओलंपियाड परीक्षा सम्पन्न**

## दो दिवसीय परीक्षा में 83 प्रतिशत व 98 प्रतिशत छात्र-छात्रायें की उपस्थिति हुई दर्ज



**पन्ना।** प्रतिभायें किस तरह से तरह-तरह की परीक्षाओं में सफलता साबित करके अपना मुकाम तय करती है। इसी तरह ओलंपियाड परीक्षा जो जिला मुख्यालय के नेषनल पब्लिक स्कूल पन्ना में विगत 16 एवं 17 जनवरी को जहां प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में सम्मलित होकर अपनी प्रतिभा साबित करने के लिए जो परीक्षा दी है इस परीक्षा में प्रतियोगी छात्र-छात्राओ के रूप में कक्षा-02, 03, 04, 05 एवं कक्षा 6, 07, 08 के जेएसके में चयनित कुल छात्र-छात्रायें जिन्हें 832 बताया जा रहा था जिन्हें सम्मलित होना था। वहीं दिनांक 16 जनवरी 2026 को 83 प्रतिषत छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में उपस्थित होकर परीक्षा दी। वहीं 17 जनवरी 2026 को 98 प्रतिषत छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लेकर अपनी प्रतिभा साबित करने को लेकर उपस्थिति दर्ज कराई है। गौरतलब बात यह है कि जहां इस पर परीक्षा को आयोजन कराने को लेकर जिला षिक्षा केन्द्र के द्वारा प्रत्येक छात्र-छात्राओं को भोजन की व्यवस्था के रूप में परीक्षा उपरांत लंच पैकेट भी प्रदान किये गये वहीं छात्र-छात्राओं को लाने ले जाने के लिए जो वाहन की व्यवस्था की गई उसमें प्रत्येक छात्र के मान से 50 रूपये की दर से देना भी बयां किया गया है। जिला षिक्षा केन्द्र के डीपीसी अजय कुमार गुप्ता के मार्गदर्षन में परीक्षा के केन्द्राध्यक्ष के रूप में पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल कुंजवन के प्राचार्य रजा खान की जिम्मेदारी तय की गई थी। वहीं बीआरसी श्रीमती कबिता त्रिवेदी तथा जनपद षिक्षा केन्द्र पन्ना एवं समस्त स्टॉप एवं जन षिक्षा कुंजवन के षिक्षकों ने पर्यवेक्षक के रूप में दायित्व निभायें इतना ही नहीं राकेष तिवारी एवं देव सिंह जन षिक्षकों ने नोडल अधिकारी की भूमिका के रूप में कर्तव्य निभाया। निष्चित ही इस परीक्षा में स्वयं ही नजर आ रहा था किस तरह से कक्षा 2 से लेकर कक्षा 8 तक के छात्र-छात्राओं ने लगन के साथ दूरदराज क्षेत्र के स्कूलों से आकर अपनी भागीदारी करते हुए प्रतिभा साबित करने को लेकर ओलम्यार्ड परीक्षा में भाग लिया। वहीं सफलता के अगले मुकाम को लेकर माना जा रहा है। देखना यह है कि परिणाम में कितने छात्र-छात्राओं को सफलता का मुकाम मिलेगा यह तो परीक्षा परिणाम के बाद ही सामने आयेगा।



## पवई गोलीकांड के दोनों आरोपी गिरफ्तार

### घटना में लिप्त आलाजरब अवैध देसी पिस्टल मय कारतूस बरामद

**पवई।** फरियादी मोहम्मद रहीस पिता जुमराती मोहम्मद उम्र 50 साल निवासी ग्राम ककरहटी ने ऐसी रिपोर्ट दर्ज कराई थी जब वह अपनी बहिन सबीना अख्तर की ससुराल ग्राम कृष्णगढ़ थाना पवई गया हुआ था तभी जमीन के बंटवारे के विवाद को लेकर उसकी बहन के देवर अफजल उर्फ रानू खान ने जान से मारने की नीयत से सामने से कट्टे से फायर करके उसके पेट में गोली मार दी गई है जो बाहर नहीं निकली है पेट में फंसी हुई है फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर थाना पवई में अपराध क्रमांक 25/26 धारा 109(1) ठछै का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण अत्यंत गंभीर प्रकृति का होने से पन्ना पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती भावना दांगी के द्वारा थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार को तत्परता के साथ आरोपीगणों को पकड़ने के लिए आदेशित किया गया था जिसके पालन में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार के नेतृत्व में एक टीम घटित की गई जिनके द्वारा घटना से संबंधित साक्ष्यों का संकलन किया गया एवं घटना में लिप्त आरोपी अफजल उर्फ रानू खान पिता सत्तार खान निवासी ग्राम कृष्णगढ़ थाना पवई एवं एक अन्य सह आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है घटना में लिप्त आलाजरब एक नग पिस्टल मय कारतूस , प्लास्टिक का पाइप मोटरसाइकिल आदि बरामद कर लिया गया है। माननीय न्यायालय के आदेश से दोनों आरोपियों को उप जेल पवई न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है वहीं दूसरी ओर घायल रहीस मोहम्मद की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

**उल्लेखनीय भूमिका -**

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार, उप निरीक्षक एम एल कोल, सउनि आनंद मोहन मिश्रा, प्रधान आरक्षक सुरेंद्र प्रजापति, प्रधान आरक्षक अनिल गर्ग, महिला आरक्षक खुशबू सिंह, आरक्षक विनय सिंह, आरक्षक राहुल अहिरवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### शासकीय हाई स्कूल नयागांव में जल संरक्षण व वृक्षारोपण पर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**पन्ना।** जलवायु परिवर्तन की गंभीर समस्या के समाधान हेतु सतत रूप से कार्यरत पंजीकृत गैर सरकारी संस्था "जीवन सुधा फाउंडेशन" द्वारा दिनांक 16 जनवरी 2026 को शासकीय हाई स्कूल नयागांव, विकासखंड अजयगढ़, जिला पन्ना (मध्य प्रदेश) में एक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों तथा उसके प्रमुख समाधान जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कारों से सम्मानित चंद्रशेखर लोधी ने कहा कि जल इस सृष्टि का सबसे महत्वपूर्ण अवयव है, जिसके बिना जीवन की कल्पना भी संभव नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों से जल के उचित एवं विवेकपूर्ण उपयोग को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। संस्था के संस्थापक श्री श्रीराम सिंह लोध जी ने अपने संबोधन में जीवन के तीन महत्वपूर्ण मंत्रों पर प्रकाश डाला- जल का सदुपयोग, अपने जीवन में कम से कम एक वृक्ष का रोपण एवं उसका संरक्षण, प्रत्येक घर की छत पर अनिवार्य रूप से रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थापना। उन्होंने कहा कि इन उपायों को अपनाकर हम न केवल आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित कर सकते हैं, बल्कि वनस्पति एवं जीव-जंतुओं के जीवन का भी संरक्षण कर सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बाबूलाल, स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल चंपतपुर के प्रबंधक दादूराम, शिक्षकगण भूरेलाल प्रजापति, राम अवतार पाल, प्रणय कुमार शर्मा, राजेश कुमार कोरी, आशीष एवं छवि कुमार मिश्रा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में संस्था के संस्थापक ने जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण जैसे विश्व के अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर विद्यालय में संगोष्ठी आयोजित कराने हेतु विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

## देवेन्द्रनगर पुलिस की सख्त कार्रवाई, अवैध हथियार लहराने वाला आरोपी गिरफ्तार




**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान के मार्गदर्शन में जिले में अवैध हथियारों एवं असामाजिक गतिविधियों के विरुद्ध निरंतर सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना देवेन्द्रनगर अंतर्गत चौकी ककरहटी प्रभारी उप निरीक्षक सोनम शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अवैध हथियार रखने वाले एक आरोपी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई है। दिनांक 16.01.2026 को रोड पेट्रोलिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम अमचुई मोड़ पर एक युवक अवैध देशी कट्टा लेकर किसी वारदात की फिराक में खड़ा है। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रिंकू यादव उर्फ रवेन्द्र यादव, उम्र 21 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 03 ककरहटी, थाना देवेन्द्रनगर, जिला पन्ना बताया । तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 12 बोर का देशी हाथ निर्मित कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। आरोपी के पास हथियार रखने का कोई वैध लाइसेंस नहीं पाया गया। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व आरोपी द्वारा अवैध हथियार लहराते हुए बनाई गई रील सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल उत्पन्न हुआ था। आरोपी के विरुद्ध धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।01 नग 12 बोर देशी कट्टा एवं 01 नग जिंदा कारतूस (कीमत लगभग 6,200/-)उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उनि. संतोष यादव, चौकी प्रभारी ककरहटी उप निरीक्षक सोनम शर्मा, प्रआर हरिराम वर्मा, लक्ष्मी यादव आर0 ब्रजेन्द्र, तरूव वर्मा, विनोद डावर, अमित बागरी, आर0 चालक पुष्पेन्द्र जाट एवं हमराही बल की विशेष एवं सराहनीय भूमिका रही। यदि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अवैध हथियार, नशीले पदार्थ, जुआ, सट्टा अथवा अन्य अवैध गतिविधियों से संबंधित सामग्री वायरल कर भय का माहौल उत्पन्न करता है, तो ऐसे मामलों पर सायबर सेल एवं विशेष पुलिस दल द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है। ऐसी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना सायबर सेल अथवा पुलिस कंट्रोल रूम को देने की अपील की जाती है। पन्ना पुलिस का स्पष्ट संदेश है कृ कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने एवं सोशल मीडिया पर अपराध का प्रदर्शन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।



## कृषि विज्ञान केन्द्र में कृषि सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**पन्ना।** राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत जिले में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को कृषि विज्ञान केन्द्र पन्ना में द्वितीय बैच के कृषि सखियों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र एवं आत्मा परियोजना के संयुक्त तत्वाधान में आरंभ किए गए प्रशिक्षण में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं केन्द्र प्रमुख डॉ. पी.एन. त्रिपाठी ने प्राकृतिक खेती के घटकों के बारे में जानकारी दी। साथ ही खेती में सूक्ष्म जीवाणुओं की महत्ता के बारे में भी अवगत कराया। कृषि सखियों से गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर जिम्मेवारी के साथ आमजनों तक प्राकृतिक खेती की विधा को पहुंचाने की अपेक्षा की गई। प्रतिभागियों को प्राकृतिक और जैविक खेती के सूक्ष्म अंतर के विषय में बताया गया।नोडल अधिकारी डॉ. रितेश कुमार जायसवाल ने विषय के उद्देश्य और इसके मुख्य बिंदुओं पर चर्चा कर मृदा, पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य को सही रखने के लिए प्राकृतिक खेती को अपनाने पर जोर दिया। डॉ. रणविजय प्रताप सिंह ने प्राकृतिक विधि से सब्जी उत्पादन की सलाह दी। रितेश बागोरा ने पोषक तत्व प्रबंधन में जीवामृत की भूमिका बताई। प्रशिक्षण के शुभारंभ कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जयचंद लोधी, देशराज प्रजापति, जया कोरी, संदीप त्रिपाठी तथा रावे छात्रा दिव्यांशिका त्यागी, आरती एवं महक पटेरिया भी उपस्थित रहीं।

छतरपुर के छत्रसाल चौक पर धरना, पीड़ित परिवारों को न्याय की मांग

# इंदौर जल त्रासदी और मनरेगा बचाओ को लेकर कांग्रेस का सामूहिक उपवास

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में भागीरथपुरा क्षेत्र की जल त्रासदी में मल-मूत्र युक्त दूषित पानी पीने से हुई 23 लोगों की मौत के पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने और केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना को कमजोर करने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने एक दिवसीय सामूहिक उपवास एवं धरना आयोजित किया। यह कार्यक्रम छतरपुर के प्रमुख छत्रसाल चौक पर सुबह 12 बजे से शाम 4 बजे तक चला। कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इंदौर की यह जल त्रासदी प्रशासनिक लापरवाही और उदासीनता का स्पष्ट परिणाम है। स्वच्छता के मामले में देश के नंबर-1 शहर कहलाने वाला इंदौर गरीब बस्तियों में जहर जैसा पानी सप्लाई कर रहा है, जिससे दर्जनों लोगों की जान गई और सैकड़ों बीमार पड़े। सरकार पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा और न्याय दिलाने



में पूरी तरह विफल रही है। इसी तरह मनरेगा योजना को कमजोर करने के प्रयासों को गरीबों, मजदूरों और ग्रामीणों के अधिकारों पर सीधा हमला करार दिया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह योजना ग्रामीण भारत की रीढ़ है, जिसे कमजोर करने से लाखों परिवारों की आजीविका खतरे में पड़ जाएगी। धरने में जिला कांग्रेस अध्यक्ष गगन यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रमुख रूप से अनीश खान, दीप्ति पांडेय, अशोक मिश्रा, आदित्य सिंह, स्मिता खरे, लक्ष्मी चौबे, धीरज मिश्रा, प्रियंका अग्रवाल, हनीफ खान, शिव सिंह यादव, सुरेश बाबू खरे, डैडी रावत, कपिल रिछारिया, दीपांशु यादव, देवेंद्र अरजरिया, जानकी कुशवाहा, नरेश पटेल सहित दर्जनों कांग्रेसजनों ने उपवास रखा और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि इंदौर त्रासदी की उच्च स्तरीय जांच हो, दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और पीड़ितों को तत्काल पर्याप्त मुआवजा दिया जाए।

खबर संक्षेप

## लापता युवक का ससुराल में पेड़ से लटका मिला शव



**छतरपुर।** थाना ओरछा रोड अंतर्गत ग्राम मलपुरा निवासी युवक रमेश अहिरवार का शव शनिवार को उसके ससुराल ग्राम खरका के खेत में एक पेड़ से लटका हुआ मिला। इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।रमेश दिल्ली में मजदूरी करते थे और मकर संक्रांति के अवसर पर अपने घर लौटे थे। 15 जनवरी को वह अचानक लापता हो गए थे, जिसकी सूचना उनके परिजनों ने ओरछा रोड थाने में दर्ज कराई थी। शनिवार को परिजनों को सूचना मिली कि रमेश ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक के भाई जगन्नाथ अहिरवार ने बताया कि रमेश अपने ससुराल गए थे, जहां किसी बात को लेकर विवाद हुआ और उनके साथ मारपीट की गई। इसके बाद वे संदिग्ध हालात में खेत में स्थित पेड़ से लटके मिले।परिजनों के अनुसार मृतक द्वारा आत्महत्या से पहले लिखा गया एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। इस नोट में रमेश ने स्पष्ट रूप से लिखा है कि वे आत्महत्या करने जा रहे हैं और उनके साथ विकास व रज्जू ने मारपीट की है। साथ ही परिजनों ने साढ़ू अमरचंद पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि शव ससुराल के खेत में पेड़ पर लटका मिला है और पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है।
शराब पीकर और पिलाकर भारत विश्व गुरु कैसे बन सकता है?

## संत उमाकांत महाराज का सत्संग, समाज में बढ़ते पतन पर गहरी चिंता जताई



**छतरपुर।** खजुराहो के बमीठा क्षेत्र में संत उमाकांत महाराज के सत्संग में हजारों भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मुक्ति मोक्ष का रास्ता विषय पर आयोजित इस सत्संग में महाराज ने समाज में फैलते हुए नैतिक पतन, शराब, लालच और कामवासना पर कड़ी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि शराब पीकर और दूसरों को पिलाकर भारत कभी विश्व गुरु नहीं बन सकता। महाराज ने अपने प्रवचन में कहा, प्रेमियों, धीरे-धीरे परिस्थिति बदलती चली जा रही है, खराब समय आता चला जा रहा है। यह ठगी-लालच पहले इतनी नहीं थी। यह कामवासना जो अपनी मां-बहन को आदमी नहीं पहचान पा रहा है। उन्होंने प्राचीन भारतीय मूल्यों की याद दिलाते हुए कहा, यह वह भूमि है जहां जननी सम जानहि पर नारी, धन पराव विष थे विष भारी कहा जाता था। दूसरे के धन को जहर की तरह और दूसरी की मां-बहन को अपनी मां-बहन की तरह समझा जाता था। आज समाज का क्या हाल है? बच्चों और बच्चियों का चरित्र गिरता चला जा रहा है। महाराज ने आगे चेतावनी दी, जिस देश में नारियां शराब पियेंगी, जिस देश के नौजवान शराबी-कबाबी-शबाबी हो जाएंगे, जिस देश के लोग होश में नहीं रहेंगे, वह देश धार्मिक देश नहीं कहला सकता। विश्व गुरु नहीं बन सकता है। उन्होंने बुद्धिजीवियों से आग्रह किया कि खान-पान और चाल-चलन को सही करने की जरूरत है।संत उमाकांत महाराज ने बताया कि छोटी चींटी से लेकर मनुष्य तक सभी में परमात्मा का अंश जीवात्मा है। जब धर्म की हानि होती है, सदाचार और त्याग की भावना खत्म होने लगती है, प्रकृति नाराज हो जाती है, तब महापुरुष धरती पर आते हैं और धर्म की स्थापना करते हैं। महाराज ने कहा, इतिहास बता रहा है कि जब-जब महापुरुष आए, उन्होंने किसी एक धर्म, जाति या वर्ग के लिए नहीं, बल्कि पूरे मानवता के लिए काम किया। जब इंसानियत और मानवता जागृत होती है, लोग सत्य बोलते हैं, जीवों की हिंसा नहीं करते, परोपकार और सेवा भाव रखते हैं, तब धर्म की स्थापना हो जाती है।

प्रोजेक्ट में वॉटर हार्वेस्टिंग, हार्ट, मिसाइल, सोलर पैनल सहित कई आकर्षक मॉडल्स

## जीसीएम कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने किए वर्किंग मॉडल्स तैयार



**नौगांव। नगर के प्रसिद्ध जीसीएम कान्वेन्ट स्कूल के छात्र छात्राओं ने प्रोजेक्ट तैयार किए जिसका अवलोकन नौगांव एसडीएम ने किया और बच्चों की सराहना की। जिसमें साइन्स एग्जीवेशन के अन्तर्गत पोरजेक्ट तैयार कर उनका प्रदर्शन किया।** मुख्य रूप से छात्र छात्राओं ने मैथ, साईन्स, एसएससी एवं कम्प्यूटर साइंस के माडल बनाकर प्रस्तुत किए।प्रोजेक्ट में वॉटर हार्वेस्टिंग, हार्ट, मिसाइल, सोलर पैनल, टाइप ऑफ हाउसेस, अपोजिट वर्ड्स सहित कई आकर्षक मॉडल्स तैयार किए, एसडीएम जीएस पटेल ने स्कूल पहुंच कर छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न विषयों पर बनाऐ गये माडल की तारीफ करते हुए कहा कि यह विधालय एवं यहां के विधार्थी प्रतिभावान है और यहां के बच्चे निश्चित रूप से आगे चलकर देश का नाम रौशन करेंगे। उन्होंने बच्चों के प्रोजेक्ट देखकर कहा कि उन्हें अपने स्कूल टाईम के दिन याद आ गये। बच्चों के इस शानदार कार्य में विधालय के शिक्षक, अभिभावक एवं विधालय के फादर एवं प्राचार्य का मार्ग दर्शन रहा। कार्यक्रम में एसडीएम, फादर, प्राचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक गण एवं पत्रकार वन्धु उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों ने प्रतिभावान बच्चों द्वारा बनाए गए पोरजेक्ट की सराहना की।

## 4 दिन से लापता युवक फरीद का शव प्रताप सागर तालाब में मिला, सीसीटीवी में तालाब की ओर जाते दिखा था

**छतरपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के प्रतापसागर तालाब में शनिवार को चार दिन से लापता युवक फरीद का शव बरामद हुआ है। फरीद सबनीगर मोहल्ले का निवासी था और वह बुधवार रात से गायब था। सीसीटीवी फुटेज में फरीद को तालाब की ओर जाते हुए देखा गया था। तालाब के किनारे उसकी स्कूटी और चप्पलें भी मिली थीं, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया था। परिजनों के अनुसार फरीद मेडिकल क्षेत्र में कार्यरत था और मार्च महीने में उसकी शादी तय हो चुकी थी। वह देर रात घर आने की बात कहकर निकला था, लेकिन उसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने लगातार चार दिनों तक तालाब में सर्च अभियान चलाया। अंततः शनिवार



को शव मिलने के बाद पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली टीआई अरविंद दांगी ने बताया कि मामले की जांच सभी पहलुओं से की जा रही है।

## नाबालिग बालक के साथ गलत काम करने वाले आरोपी को 20 साल की सजा

**नौगांव/छतरपुर।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/उपेन्द्र देशवाल ने नाबालिग बालक के साथ दुराचार करने के मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए आरोपी पप्पू उर्फ कमलेश सैनी को पॉक्सो एक्ट की धारा 4(2) में 20 साल की कठोर कैद के साथ 15 हजार रुपये के जुर्माना की सजा सुनाई, साथ ही पीड़ित बालक के भविष्य और मानसिक आघात को देखते हुए उसे डेढ़ लाख रुपए का मुआवजा देने का भी आदेश दिया है।पीड़ित बालक अपने पिता व भाई के थाना नौगांव में उपस्थित होकर रिपोर्ट लेख कराई कि आज दिनांक 27 जनवरी 2023 को वह नौगांव से दूध बांटकर अपनी साइकिल से घर जा रहा था, कि तभी सुबह करीब 08:30 बजे उसके घर के पहले आरोपी पप्पू उर्फ कमलेश सैनी जिसे वह पहले से जानता था, मिला वह उससे बोला कि उसे मोबाईल नम्बर लगाना नहीं आता है, तुम उसके मोबाइल से फोन लगा दो और यह कह कर उसे वहीं जंगल में ले गया, जहाँ आरोपी कमलेश उर्फ पप्पू ने उसके साथ गलत काम किया। वह चिल्लाया तो आरोपी पप्पू उर्फ कमलेश उससे बोला कि अगर चिल्लाया तो जान से मार कर खत्म कर दूंगा। आवाज सुन कर वहीं पर उसका भाई एवं बगल के खेत वाले एक व्यक्ति भी वहां आ गए तो इन्हें देख कर आरोपी पप्पू उर्फ कमलेश वहाँ से भाग गया। इसके बाद उसने सारी घटना आकर अपने पिता को बताई। फिर वह अपने पिता व भाई के साथ थाना रिपोर्ट को गया था। पीडित की उक्त रिपोर्ट के आधार पर से पुलिस थाना नौगांव द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं सम्पूर्ण विवेचना उपरांत मामला न्यायालय में पेश किया गया।

## धूप और ठंड की आंख-मिचौली से किसान चिंतित,रात में कड़ाके की सर्दी, दिन में तीखी धूप



**छतरपुर।** बुंदेलखंड के इस जिले में मौसम ने एक बार फिर अपनी अनिश्चितता का रंग दिखाना शुरू कर दिया है। कुछ दिन पहले तक कड़ाके की ठंड और कोल्ड डे की स्थिति से परेशान छतरपुर अब तेज धूप और ठंडी हवाओं के बीच उलझा हुआ है। मौसम की इस आंख-मिचौली खेल ने आमजन के साथ-साथ किसानों की चिंता भी कई गुना बढ़ा दी है। बीते सप्ताह तक नौगांव सहित आसपास के इलाकों में न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया था। लोग धूप के लिए तरस रहे थे और ठंड का प्रकोप अपने चरम पर था। लेकिन जनवरी के दूसरे सप्ताह के अंत में अचानक मौसम ने करवट ली। दिन में सूरज के तेवर इतने तीखे हो गए कि धूप चुभने लगी, जबकि रात होते ही ठंडी हवाएं जोर पकड़ लेती हैं और ठिठुरन बढ़ा देती हैं।इस असंतुलित मौसम का सबसे ज्यादा असर रबी फसलों पर पडऩे की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय किसानों का कहना है कि दिन और रात के तापमान में लगातार हो रहे इस बड़े उतार-चढ़ाव से गेहूं, चना और सरसों की फसलें प्रभावित हो सकती हैं। फसल में सिरका (फॉग) या अन्य रोग लगने का खतरा भी बढ़ गया है।दूसरी ओर स्वास्थ्य के लिहाज से भी यह बदलाव परेशानी का सबब बन रहा है। बुजुर्ग, छोटे बच्चे और पहले से बीमार लोग सर्दी-जुकाम, खांसी और बुखार की चपेट में आने लगे हैं। स्थानीय लोग बताते हैं कि दिन में गर्म धूप के कारण पसीना आता है और रात में ठंड से शरीर ठिठुर जाता है, जिससे शरीर को बार-बार तापमान के साथ तालमेल बिठाने में दिक्कत हो रही है।मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक तापमान में यह उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है। ऐसे में लोगों और किसानों से सतर्क रहने और जरूरी एहतियात बरतने की सलाह दी गई है।



## विशाल हिंदू सम्मेलन के लिए भव्य तैयारी

### भगवा ध्वज बाइक रैली निकाली

**छतरपुर।** हनुमान टोरिया के पीछे पठापुर रोड स्थित रामजानकी मंदिर में रविवार को विशाल हिंदू सम्मेलन एवं महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन दोपहर 1 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम को लेकर शनिवार को भगवा ध्वज के साथ बाइक रैली निकालकर शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया।
कार्यक्रम के संयोजक जयराम चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को सुबह 11 बजे भारत माता मंदिर में मातृशक्ति एकत्रित होगी, जहां से कलश यात्रा निकालकर रामजानकी मंदिर पहुंचेगी। इसके पश्चात हिंदुत्व और हिंदू समाज से जुड़े विषयों को लेकर विशाल सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में साधु संत के रूप में लवलेश तिवारी उपस्थित रहेंगे एवं समाजसेवी वरिष्ठ अधिवक्ता योगेंद्र प्रताप सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे एवं कार्यक्रम के समापन पर महाप्रसाद वितरण भी किया जाएगा।
शनिवार को निकाली गई बाइक रैली में कमलपथ, केशव, गजेंद्र सिंह, आलोक दुबे, विनय देशराज पटैरिया, अमित चतुर्वेदी, वेद प्रकाश शुक्ला, मुकेश मिश्रा, मनोज गुप्ता, विनोद मिश्रा, सुनील अग्रवाल, विष्णु रावत, राधेश्याम सोनी, दिनेश यादव, दीपू चतुर्वेदी, रविन्द्र सिंह उर्फ पप्पू राजा, अरुण श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और कल के कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।

## घायल वृद्ध की मौत, नामजद एफआईआर न होने से आक्रोशित परिजनों ने किया हंगामा



**छतरपुर।** बड़ामलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम सूरजपुरा कला में एक वृद्ध की मारपीट से मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों में भारी रोष फैल गया। मृतक पुन्ना साहू (उम्र लगभग 68 वर्ष) गांव में चल रहे भजन कार्यक्रम के दौरान पड़ोस में हो रहे पारिवारिक विवाद को शांत कराने पहुंचे थे, लेकिन आरोपी पप्पू द्वारा अपनी मां और बहन के साथ विवाद के बीच उन पर हमला कर दिया गया। फरियादियों के अनुसार बीच-बचाव करने पर पुन्ना साहू के साथ मारपीट की गई, जिसमें वे बुरी तरह घायल हो गए। घायल वृद्ध को तत्काल सिविल अस्पताल बड़ामलहरा ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मृतक शांतिप्रिय स्वभाव के थे और हमेशा गांव में विवाद सुलझाने का प्रयास करते थे।
परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद गुरुवार शाम से ही उन्होंने थाने में आरोपी के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराने की मांग की, लेकिन पुलिस ने अगली सुबह करीब 10 बजे तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इससे नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने शुक्रवार सुबह लगभग 9 बजे सिविल अस्पताल परिसर में हंगामा किया, जिससे अस्पताल में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई।
इसके बाद परिजनों ने बड़ामलहरा में पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और अस्पताल तिराहे पर राष्ट्रीय राजमार्ग 934 को जाम करने का प्रयास किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझाइश दी और नामजद एफआईआर दर्ज करने का आश्वासन दिया, लेकिन परिजनों ने पुलिस पर अविश्वास जताते हुए पुलिस अधीक्षक आगम जैन से शिकायत करने की बात कही। वे शव को पोस्टमार्टम के लिए छतरपुर ले जाने पर अड़े रहे और वहां से रवाना हो गए।
इस दौरान पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर थाने लाया, जहां पुलिस अभिरक्षा में फरियादियों द्वारा आरोपी के साथ मारपीट की गई। अस्पताल तिराहे पर दोबारा हंगामा हुआ। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर स्थिति नियंत्रित की। समझाइश के बाद शव को पुनः बड़ामलहरा शवगृह लाया गया और पुलिस की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## पशु जिला अस्पताल में चोरी, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल



**छतरपुर।** जिला पशु चिकित्सालय में अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम देकर प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह घटना शनिवार की बताई जा रही है। सुबह ड्यूटी पर पहुँचे कर्मचारी ने देखा कि अस्पताल के बगल में लगा चैनल गेट टूटा हुआ था और मेटल एल्युमिनियम का कवर उखड़ा पड़ा था। गहन जाँच में पता चला कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने सबमर्सिबल पंप चोरी कर लिया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 12 हजार रुपये है। इस संबंध में पशु चिकित्सालय प्रशासन ने तुरंत थाना कोतवाली छतरपुर में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया है कि अस्पताल परिसर में कई महत्वपूर्ण दवाइयाँ, इंजेक्शन और अन्य सामग्री रखी रहती है, जिससे भविष्य में भी ऐसी चोरी की आशंका बनी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जाँच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने फरार आरोपी को किया गिरफ्तार



मऊगंज। थाना प्रभारी उपनिरी संदीप भारतीय द्वारा बलात्संग के फरार इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है घटना के संबंध मे बताया गया कि दिनांक 23/4/25 को फरियादिया के रिपोर्ट पर थाना मऊगंज में अप.क्र. 269/25 धारा 64(1),3(5) बीएनएस का पंजीवध्द कर विवेचना में लिया गया था दौरान विवेचना प्रकरण के आरोपिया को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया था । प्रकरण का मुख्य आरोपी सुभाष विश्वकर्मा पिता जगदीश विश्वकर्मा उम्र 25 साल निवासी घुरेहटा थाना मऊगंज घटना दिनांक से फरार था जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था । आरोपी सुभाष विश्वकर्मा पिता जगदीश विश्वकर्मा उम्र 25 साल निवासी घुरेहटा थाना मऊगंज का महाराष्ट्र के नागपुर में अपने पिता का नाम बदलकर शेफ का काम करके फरारी काट रहा था । पुलिस को सूचना मिलने पर महाराष्ट्र के नागपुर जिले से पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर गिरफ्तार किया एवं माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया । विदित है कि पूर्व में इसी मामले में महिला आरोपियां को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था।आरोपी को गिरफ्तार करने मे उपनिरी संदीप भारतीय , उपनिरी प्रज्ञा पटेल , सउनि फत्तेलाल प्रजापति , प्र.आर. 16 धीरेन्द्र सिंह , आर. 125 शिवकुमार दुबे , आर. 45 प्रमोद पटेल , म.आर.96 देवती सिह , सा.सेल प्र.आऱ. विमल कुशवाहा , आर. भावेश द्विवेदी व नितिन शुक्ला का सराहनीय योगदान रहा ।

### ट्रक ने युवक को कुचला, मौके पर ही दर्दनाक मौत



मऊगंज। जिले के लौर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक हृदयविदारक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। ग्राम पंचायत सीतापुर और खैरा के बीच एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक युवक को बेरहमी से कुचल दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान राजमणि साकेत उर्फ राजू निवासी- सीतापुर के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, ट्रक क्रमांक **MP**17 **HH**3236 धान खरीदी केंद्र (लौर क्रमांक 2) में धान लादने के लिए जा रहा था। इसी दौरान सीतापुर और खैरा के बीच ट्रक ने राजू साकेत को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि राजू को संभलने का मौका तक नहीं मिला और ट्रक के पहियों ने उसे कुचल दिया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और भारी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने 100 डायल को सूचना दी। सूचना मिलते ही लौर पुलिस की टीम मौके के लिए रवाना हो गई मृतक राजू साकेत अपने पीछे भरे-पूरे परिवार को छोड़ गए हैं, जिले में खरीदी केंद्रों के चक्कर में सड़कों पर दौड़ते भारी वाहनों की रफ्तार अब लोगों की जान लेने लगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि खरीदी केंद्रों में लगे ट्रक बेखौफ होकर सड़कों पर दौड़ते हैं, जिन पर लगाम कसने वाला कोई नहीं है। राजू साकेत की मौत ने एक बार फिर प्रशासन के सुरक्षा इंतजामों पर सवालिया निशान लगा दिया है।

### आनंद उत्सव अंतर्गत हैप्पी स्ट्रीट का आयोजन आज


**रीवा।** नगर निगम द्वारा आनंद उत्सव अंतर्गत रविवार की सुबह अटल पार्क में हैप्पी स्ट्रीट का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में जुंबा, योग, पेंटिंग, पेपर कप हिट एंड थ्रो, रस्साकशी, लेमन रेस और म्यूजिकल चेयर जैसी कई पारंपरिक मनोरंजक गतिविधियां होंगी। आयोजन सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए किया जा रहा है। जिसमें मनोरंजन, खेल, और स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों का भरपूर आनंद मिलेगा। हैप्पी स्ट्रीट का उद्देश्य शहरवासियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और सामुदायिक एकजुटता को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करना है। यह आयोजन न केवल मनोरंजन का साधन होगा, बल्कि लोगों में सकारात्मक बदलाव लाने एवं पारंपरिक एवं आउटडोर खेल की गतिविधि बढ़ाने की दिशा में भी एक प्रयास है। शहरवासियों को इस कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की गई है।

### कोदो और कुटकी के उपार्जन के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 31 जनवरी तक

**रीवा।** शासन द्वारा श्री अन्न का उत्पादन बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के तहत खरीफ फसल 2025-26 में रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना के तहत समर्थन मूल्य पर कोदो और कुटकी का उपार्जन किया जा रहा है। किसान इसके लिए 31 जनवरी तक पंजीयन करा सकते हैं।

# चिड़िया घर के वन्यजीवों को नहीं मिल रहे पालनहार

**10 साल पहले शुरू हुआ जू, लेकिन अब तक दिलदारों की संख्या 10 भी नहीं पहुंची, पूंजीपतियों की कमी नहीं लेकिन वन्य जीवों को गोद लेने कोई नहीं तैयार**




रीवा।

चिडियाघर के वन्यजीवों को गोद लेने वाले दिलदार नहीं मिल रहे। जू को शुरू हुए 10 साल हो गए लेकिन अब तक दिलदारों की संख्या 10 भी नहीं पहुंची। प्रबंधन लिस्ट लगाए बैठा है लेकिन मामूली राशि भी देने को कोई तैयार नहीं है। वर्तमान में सिर्फ 1 वन्यजीव को ही गोद लिया गया है। गोद लेने वाला शख्स भी अपनी पहचान बताने को तैयार नहीं है। रिटायर्ड आईएएस अपने नाती के नाम से गोद लिए हैं। बाहरी आकर वन्यजीवों का खर्च उठा रहे लेकिन विंध्य के करोड़पति, लखपति एक फूटी कौड़ी देने को तैयार नहीं है। आपको बता दें कि सालों बाद विंध्य में सफेद बाघ की वापसी हुई। मुकुंदपुर में मार्तण्ड सिंह जूदेव चिडियाघर स्थापित किया गया। 40 साल बाद विध्या के साथ ही सफेद बाघ की वापसी हुई। अब वही व्हाइट टाइगर सफारी देश प्रदेश और विश्व में फिर से पहचान दिला रही है। वर्तमान समय में नर भालू को रिटायर्ड आईएएस ने नाती के नाम से गोद लिया है। उनके सालभर की तय फीस भी जमा कर दी। उन्होंने यह नेक काम किया लेकिन अपने नाम को उजागर नहीं करने की चिडियाघर प्रबंधन के सामने शर्त भी रख दी। एक रिटायर्ड आईएएस ने वन्यजीव को गोद लेकर विंध्य के लखपतियों और करोड़पतियों को आइना दिखाने का काम किया है। चिडियाघर के वन्यजीवों को गोद लेने के लिए रीवा से सिर्फ एक डॉक्टर ही आगे आए थे। उन्होंने देवा भालू को साल भर के लिए गोद लिया था गोद की साल भर की रकम भी चिडियाघर प्रबंधन को सौंप दी थी। उन्होंने रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली के बड़े उद्यमियों और पैसे वालों को आइना दिखाने की कोशिश की थी। डाक्टर की पहल विंध्य के उद्यमियों, डॉक्टरों को प्रभावित तो नहीं कर पाई लेकिन एक रिटायर्ड आइएएस जरूर आगे आए हैं। उन्होंने इस नेक काम में अपना योगदान दिया है।इसका होगा फायदाभुगतान की गई राशि पर धारा 40 जी (5) के तहत आयकर में छूट मिलेगी। गोद लेने का अधिकारिक प्रमाण पत्र गोद लेने वाले व्यक्ति, संस्था और संगठन को प्रदान किया जाएगा गोद लिए गए वन्यप्राणी का नाम, अवधि का प्रदर्शन पट्टिका बाड़े के बाहर लगाई जाएगी। वर्षभर गोद लेने पर उस व्यक्ति का नाम उसकी सहमति से वन विहार के प्रवेश द्वारों पर प्रदर्शित की जाएगी। भुगतान की गई राशि के 10 फीसदी राशि निःशुल्क पास अंगीकर्ता को भ्रमण, सफारी के लिए अंगीकृत अवधि के दौरान प्रदान किया जाएगा गोद लेने वाले वन्यजीव के साथ एक फोटो भी प्रदान की जाएगी।गोद लेने के लिए यह करना होगावन्य जीवों को गोद लेने के लिए इच्छुक वन्यजीव प्रेमियों को सतना में देय मेसर्स मध्य प्रदेश टाइगर फाउंडेशन सोसायटी सतना एसीनंबर 52730201016760 को देय बैंक नगद के साथ संलग्न फार्म मैं गोद लेने के लिए आवेदन कर सकते है। गोद लेने के शुल्क के साथ आवेदन पत्र निदेशक, महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी और चिडिया घर मुकुंदपुर के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक जमा किया जा सकता है। उद्योग पतियों में खर्च उठाने दिलचस्पी नहींयहां देश दुनिया से पर्यटक सफेद बाघ देखने पहुंच रहे हैं। इस पहचान को लोग भुना तो रहे है लेकिन वहां रह रहे वन्य जीवों को गोद लेने से कतरा रहे है। विध्य से सर्वाधिक टैक्स सरकार के खाते में पहुंचता है। बड़े बड़े इंडसट्रियलिस्ट भी विध्य में है। बड़े टेक्सदात्ता है। यह इंडिस्ट्रयलिस्ट वन्य जीव प्रेमी भी हैं लेकिन इनका खर्च उठाने में दिलचस्पी नहीं लेते हैं। चिडियाघर को बेहतर बनाने और वन्य जीवों के लिए सुविधाएं बढ़ाने में प्रबंधन को एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ रहा है। पर्याप्त बजट भी नहीं मिल पाता। ऐसे में यदि विंध्य के इंडसट्रियलिस्ट इस दिशा में आगे आप तो मार्तण्ड सिंह जूदेव हर मामले में देश और प्रदेश का नंबर वन चिडियाघर बन सकता है। यहां वर्तमान में सिर्फ फंड की वजह से कई सुविधाओं की कमी है। प्रबंधन चाह कर भी ऐसे काम नहीं करा पा रहा है जो वहां के लिए जरूरी है। टिकट काउंटर से आने वाली इंकम को ही इन वन्यजीवों के लालन पालन में खर्च कर काम चलाया जा रहा है।

## संकल्प से समाधान अभियान में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में लगाये जा रहे हैं शिविर

**ग्रामवासियों को शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही किया जा रहा है आवेदन पत्रों का निराकरण**



रीवा ।

आमजनता की समस्याओं को हल करने तथा विकास योजनाओं का लाभ देने के लिए प्रदेश भर में 12 जनवरी से 31 मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान का संचालन किया जा रहा है। अभियान के तहत शहरी क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड तथा ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर आमजनता के आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं। शिविर में शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण करते हुए पोर्टल पर भी इंट्री की जा रही है। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशन में ग्राम पंचायत कोष्टा एवं सौर में रास्ता विवाद के प्रकरण का निराकरण किया गया। सुरसा ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में ग्रामवासियों के आवेदन प्राप्त किये गये। इसी क्रम में गंगेव जनपद में तीन अविवादित नामांतरण के प्रकरण प्राप्त हुए। त्योंथर तहसील के ग्राम कांकर में शिविर के दौरान हितग्राहियों के आवेदनों का पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया गया। संकल्प से समाधान अभियान में किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए जागरूक किया गया तथा इसके लाभ के बारे में बताया गया। राजस्व अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत खैरा एवं कांकर सहित अन्य ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये जा रहे हैं तथा शिविरों का निरीक्षण किया जा रहा है।

## चाकघाट में जीएसटी की बड़ी कार्रवाई, शंकर ज्वेलर्स टैक्स चोरी की चल रही जांच, दो दिन से कार्यवाही जारी

रीवा।

जिले के चाकघाट कस्बे में जीएसटी विभाग की बड़ी कार्रवाई से व्यापारिक हलकों में हड़कंप मच गया है। गौरा रोड स्थित शंकर ज्वेलर्स शॉप में शुक्रवार शाम करीब 5 बजे जीएसटी टीम ने छापामार कार्रवाई शुरू की, जो शनिवार को दूसरे दिन भी लगातार जारी रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई वाणिज्यकर मुख्यालय के निर्देश पर की गई है। एंटी इवेजन ब्यूरो, सतना की 12 सदस्यीय टीम ने शंकर ज्वेलर्स की दुकान में रिसर्च एवं सीजर की कार्रवाई प्रारंभ की। टीम द्वारा दुकान में मौजूद सोने-चांदी के स्टॉक के साथ-साथ क्रय-विक्रय से संबंधित बिल, रिकॉर्ड और अन्य दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में स्टॉक और दस्तावेजों के मिलान की प्रक्रिया



चल रही है। अधिकारियों का कहना है कि यदि दस्तावेजों और वास्तविक स्टॉक में अंतर पाया जाता है, तो टैक्स चोरी से संबंधित स्थिति स्पष्ट हो सकेगी और उसी के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जीएसटी विभाग की यह कार्रवाई लगातार दूसरे दिन भी जारी रहने से चाकघाट सहित आसपास के क्षेत्रों के व्यापारियों में चर्चा और चिंता का माहौल बना हुआ है। फिलहाल विभागीय अधिकारी जांच पूरी होने के बाद ही किसी भी प्रकार की आधिकारिक जानकारी साझा करने की बात कह रहे हैं।

**परिवहन विभाग ने देर रात 11 स्लीपर बसों सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर की कार्रवाई**

## दो दिन में सुधार नहीं तो पंजीयन होगा रद्द




रीवा।

शहर में संचालित स्लीपर बसों में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग अब सख्त रुख अपनाता नजर आ रहा है। बीती देर रात परिवहन विभाग द्वारा की गई औचक कार्रवाई से बस संचालकों में हड़कंप मच गया। आरटीओ मनीष त्रिपाठी के नेतृत्व में शहर के विभिन्न हिस्सों में चलाए गए विशेष जांच अभियान के दौरान 11 स्लीपर बसों में गंभीर सुरक्षा खामियां पाए जाने पर उनके खिलाफ मौके पर ही चालानी कार्रवाई की गई। बता दे जांच के दौरान बसों में आग से बचाव के इंतजामों, बस की आंतरिक बनावट और आपातकालीन निकास व्यवस्था की गहनता से जांच की गई। अग्निशमनयंत्र नहीं, अवैध दरवाजे बने खतराआरटीओ अधिकारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि परिवहन नियमों के अनुसार प्रत्येक स्लीपर बस में कम से कम 10 किलोग्राम क्षमता का मानक अग्निशमन यंत्र होना अनिवार्य है, लेकिन जांच में कई बसों में या तो अग्निशमन यंत्र मौजूद नहीं था या फिर वह मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया।इसके अलावा, कई स्लीपर बसों में ड्राइवर केबिन के पीछे अवैध रूप से दरवाजे लगाए गए थे, जो सुरक्षा की दृष्टि से बेहद खतरनाक हैं। नियमों के अनुसार केबिन के पीछे दरवाजा नहीं होना चाहिए, ताकि किसी आपात स्थिति में यात्रियों को बस से बाहर निकलने में कोई बाधा न आए। इस गंभीर उल्लंघन पर विभाग ने कड़ी आपत्ति जताई है।दो दिन का अल्टीमेटम, नहीं सुधरे तो रद्द होगा पंजीयनजिन 11 बसों में खामियां पाई गईं, उनके खिलाफ मौके पर ही चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही बस संचालकों को दो दिनों के भीतर सभी सुरक्षा मानकों को पूरा करने का अल्टीमेटम दिया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर केबिन के अवैध दरवाजे नहीं हटाए गए और अग्निशमन यंत्र नहीं लगाए गए, तो संबंधित बसों का पंजीयन निरस्त कर दिया जाएगा।ओवरलोडिंग और मनमाना किराया भी जांच के दायरे मेंआरटीओ विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कई स्लीपर बस संचालक क्षमता से अधिक सवारियां भर रहे हैं और यात्रियों से तय दरों से कहीं अधिक किराया वसूल रहे हैं। इस पर भी आरटीओ मनीष त्रिपाठी ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि सुरक्षा मानकों के साथ-साथ ओवरलोडिंग और किराया वसूली की भी नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी।

## सीएमएचओ की कुर्सी पर फिर घमासान हाईकोर्ट ने नियुक्ति आदेश पर लगाई रोक




रीवा ।

जिले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) की कुर्सी एक बार फिर विवादों में घिर गई है। हाल ही में नवनियुक्त सीएमएचओ डॉक्टर यत्नेश त्रिपाठी की नियुक्ति को लेकर उठे सवाल अब उच्च न्यायालय तक पहुंच गया हैं। वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर आर.पी. चौधरी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने फिलहाल नियुक्ति आदेश पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद जिले के स्वास्थ्य महकमे में हलचल तेज हो गई है। माना जा रहा है कि आगामी तीन माह के लिए डॉक्टर आर.पी. चौधरी को ही सीएमएचओ की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है, हालांकि इस संबंध में अभी शासन स्तर से कोई औपचारिक आदेश जारी नहीं हुआ है। वरिष्ठता की अनदेखी का आरोपडॉक्टर आर.पी. चौधरी, जो वर्तमान में सीएमएचओ कार्यालय में ही पदस्थ हैं, ने अपनी याचिका में स्पष्ट रूप से कहा है कि वह डॉक्टर यत्नेश त्रिपाठी से लगभग 15 वर्ष वरिष्ठ हैं। याचिका में यह भी उल्लेख किया गया है कि डॉक्टर चौधरी आगामी अप्रैल माह में सेवा निवृत्त होने वाले हैं, इसके बावजूद शासन द्वारा सीएमएचओ पदस्थापना के दौरान वरिष्ठता और वरीयता के नियमों का पालन नहीं किया गया।डॉक्टर चौधरी का आरोप है कि शासन ने नियम विरुद्ध तरीके से उनसे कनिष्ठ अधिकारी डॉक्टर यत्नेश त्रिपाठी को जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर नियुक्त कर दिया, जो सेवा नियमों और प्रशासनिक परंपराओं के खिलाफ है।हाईकोर्ट ने दिया अंतरिम आदेश मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च न्यायालय ने डॉक्टर आर.पी. चौधरी की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद सीएमएचओ नियुक्ति आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। कोर्ट के इस आदेश के बाद अब डॉक्टर यत्नेश त्रिपाठी की नियुक्ति पर असमंजस की स्थिति बन गई है और अंतिम निर्णय कोर्ट की आगामी सुनवाई पर निर्भर करेगा।पहले भी विवादों में रही है सीएमएचओ की कुर्सीगौरतलब है कि रीवा जिले में सीएमएचओ की कुर्सी पहले भी कई बार विवादों में रही है। कभी तबादलों को लेकर, तो कभी नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल उठते रहे हैं। एक बार फिर यह मामला सुर्खियों में आने से स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली और प्रशासनिक निर्णयों पर प्रश्नचिह्न लग गया है।

## मुफ्तखोर बनाने की जगह परिवार को स्वावलंबी बनाए सरकार : नारी चेतना मंच निराश्रितों, बुजुर्गों की पेंशन में वद्धि हो शैक्षणिक और रोजगार पलायन से सामाजिक ताना-बाना बिखर रहा

रीवा ।

नारी चेतना मंच ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार के पास लोगों को स्वावलंबी बनाने की कोई ठोस योजना नही होने से रोजगार पलायन की भयावह स्थिति है। हर वर्ग में बड़े पैमाने पर बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। काफी कपैसे में लोग काम करने को मजबूर हैं। शैक्षणिक संस्थाएं सरकारी हों या निजी सभी जगह काफी कम भुगतान पर काम लिया जा रहा है। भाजपा सरकार ने वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव के पहले से लाडली बहनों के नाम चुग्गा दे रखा है। इस बात को हर माह प्रचारित करने करोड़ों रुपए खर्च होते हैं। नारी चेतना मंच ने कहा कि लाडली बहनों के खाते में डाले जानी वाली राशि का बार बार प्रचार किया जाना सस्ती लोकप्रियता है। ऐसा लगता है कि आने वाले समय में सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों को मिलने वाले वेतन पेंशन को लेकर भी इसी तरह का प्रचार किया जा सकता है। सरकारी नौकरियों में महिलाओ के लिए काफी पहले से आरक्षण का प्रावधान है लेकिन रिक्त पदों की संख्या काफी कम होने से इसका उचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। नारी चेतना मंच ने कहा कि सरकारी नौकरियों में पेंशन योजना का प्रावधान पूर्ववत होना चाहिए। सेवानिवृत्ति उम्र में वृद्धि सही नहीं है। इसके चलते बड़ी संख्या में नौजवान प्रतीक्षा सूची में बने हुए हैं। सरकार के द्वारा विधवाओं, निराश्रितों, दिव्यांगों, वृद्धों को दी जाने वाली पेंशन राशि तो् ऊंट के मुंह में जीरा वाली कहावत को चरितार्थ कर रही है। 600 रुपए प्रतिमाह दी जाने वाली पेंशन प्रतिदिन के हिसाब से मात्र 20 रुपए होती है। इस राशि को बढ़ाकर 5000 रुपए प्रति माह किया जाना चाहिए। लाडली बहनों के लिए काम के अवसर मुहैया कराया जाना चाहिए। मुफ्तखोरी की जगह काम के बदले अनाज जैसी योजनाओं को प्रभावी बनाना चाहिए। शैक्षणिक और रोजगार पलायन से सामाजिक ताना-बाना बिखर रहा है।

## स्वच्छ जल अभियान के तहत वॉटर टेस्टिंग एवं लीकेज सुधार की सतत कार्रवाई जारी

**रीवा।** नगर पालिक निगम द्वारा शहर में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वच्छ जल अभियान के अंतर्गत लीकेज सुधार कार्य निरंतर रूप से किए जा रहे हैं। बीते दो दिनों में मैदानी स्तर पर कुल 33 स्थानों पर जल लीकेज चिन्हित कर त्वरित सुधार कार्य कराया गया। दिनांक 16 जनवरी को जिन स्थानों पर लीकेज सुधार किया गया, उनमें 17 प्वाइंट जिनमें हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में 3, छत्रपति नगर में 1, लालन टोला में 2, कुठुलिया में 1, बिछिया में 1, लक्ष्मण बाग में 2, प्रकाश चौराहा में 1, घोड़ा चौराहा में 2, पुष्पराज नगर में 1, जागरण के पास 1 तथा निपनिया में 1 स्थान शामिल हैं। इसी प्रकार 17 जनवरी को 16 प्वाइंट नेहरू नगर में 3, शिव नगर में 2, द्वारिका नगर में 4, श्रीयुत नगर में 2, पुष्पराज नगर में 2 एवं छत्रपति नगर में 2 स्थानों पर लीकेज सुधार कार्य कराया गया। इसके साथ ही नगर निगम रीवा द्वारा शहर में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु वॉटर टेस्टिंग अभियान भी निरंतर संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन शहर की उच्च स्तरीय जल टंकियों से पानी के सैंपल लेकर प्रयोगशाला में परीक्षण किया जा रहा है। साथ ही ऑन-फील्ड स्तर पर भी नियमित रूप से जल गुणवत्ता की जांच कराई जा रही है, जिसके लिए अमृत मित्रों के अतिरिक्त विशेष टीमों की तैनाती की गई है। स्व-सहायता समूह की महिलाएं वॉटर टेस्टिंग किट के माध्यम से जल गुणवत्ता की जांच कर प्रतिदिन संबंधित जोन के सहायक यंत्री को विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत कर रही हैं। नगर निगम द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जल गुणवत्ता परीक्षण एवं लीकेज सुधार की यह कार्रवाई आगे भी सतत रूप से जारी रहेगी, ताकि शहरवासियों को सुरक्षित, शुद्ध एवं निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।